promotion of cross-border terrorism directed against India. More recently, on Feb. 26, 1996, we have conveyed our serious concern to Pakistan High Commission informing them that India cannot remain unconcerned at these development.

केसौद,पोरबंदर और कांडला विमानपत्तन की अप्रयुक्ति

400. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे**: क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी हैं कि केसौद,पोरंबदर और कांडला विमानपत्तन अप्रयुक्त हवाई अड्डे बन गए हैं;

(ख) यदि हां,तो पोरंबदर,केसौद और कांडला हवाई अड्डों का उपयोग कब से किया जा रहा था और इनका उपयोग कब से बंद कर दिया गया और इसके क्या कारण हैं;

(ग) गत तीन वर्षो के दौरान इन विमानपत्तनों के रख-रखाव के लिए कितनी धनराशि वर्ष-वार खर्च की गई ;

(घ) क्या सरकार का विचार इन विमानपत्तनों का वाणिज्यिक उपयोग करने का हैं;और

(ड़) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं और यदि नहीं,तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद): (क) और(ख) सभी तीनों विमानपत्तनों अनुसूचित प्रचालनों के लिए उपयोग में आ रहे हैं।

(ग) विगत तीन वर्षो के दौरान इन विमानपत्तनों के अनुरक्षण पर किया गया वर्षवार व्यय निम्नवत हैं:-

वर्ष	केसौद	पोरबंदर	कांडला
1992-93	15.61	18.49	12.59
1993-94	19.05	18.23	12.75
1996-95	21.59	119.47	16.25

(घ) और (ड़) ये विमानपत्तन पहले ही वाणिज्यिक यातायात के लिए खुले हैं।

पूर्वोत्तर सेक्टर में गाड़ियों की संख्या में वृद्धि

401. **श्री अनन्तराम जायसवाल**: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या सरकार वर्ष 1996-97 के दौरान इस क्षेत्र में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे में रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि करने पर विचार कर रही हैं;

(ख) यदि हां,तो तत्संबंधी संख्या कितनी हैं;

(ग)यदि नहीं,तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश कलमाड़ी): (क) से (ग) भारतीय रेलों पर गाड़ियों की संख्या में वृद्धि करने सहित अतिरिक्त गाड़ी सुविधाओं को व्यवस्था करना एक सतत प्रक्रिया हैं जो यातायात के औचित्य,परिचालनिक व्यवहार्यता तथा संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करती हैं।

Delay in departure of flights

402. SHRI SATISH PRADHAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that scheduled departures are delayed despite the flight readiness of the aircraft due to late arrival of the VIPs;

(b) the categories of persons for whom the flights arc delayed; and

(c) what is the approximate period according to the categories of the VIPs to delay the flight?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.